कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

संख्या : मा०शि०प० / सिस्टम सेल / 785 — दिनांक : 23 जनवरी, 2025

अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, क्षे०का०, मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर।

आप अवगत हैं कि दिनांकः 22 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 के मध्य आयोजित होने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की JEE(Main)-2025 परीक्षा के दृष्टिगत माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित होने वाली वर्ष 2025 की इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम निम्नांकित विवरणानुसार संशोधित करते हुए विज्ञप्ति पृ०सं० मा०शि०प० / सिस्टम सेल / 756–7 दिनांक 18.01.2025 द्वारा सर्वसम्बंधित की जानकारी हेतु प्रसारित किया गया है:–

प्रथम चरण– 01 फरवरी, 2025 से 08 फरवरी 2025 तक	मण्डल का नाम– अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी तथा गोरखपुर
द्वितीय चरण– 09 फरवरी, 2025 से 16 फरवरी, 2025 तक	मण्डल का नाम– आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, आजमगढ़, देवीपाटन तथा बस्ती

ध्यातव्य है कि पूर्व में निर्गत इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार जिन मण्डलों में प्रथम चरण में प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन होना था, उन मण्डलों में संशोधित कार्यक्रमानुसार द्वितीय चरण में प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित होगी। इसी प्रकार जिन मण्डलों में द्वितीय चरण में प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन प्रस्तावित था, उन मण्डलों में संशोधित कार्यक्रमानुसार प्रथम चरण में प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित होगी।

प्रयोगात्मक परीक्षकों के नियुक्ति पत्र एवं अन्य प्रपत्रों को सम्बंधित क्षेत्रीय कार्यालयों को उपलब्ध कराने के साथ–साथ पोर्टल पर भी अपलोड किया जा चुका है। अतएव इस सम्बंध में निम्नवत सूच्य है :–

(1) **आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, आजमगढ़, देवीपाटन तथा बस्ती मण्डल** की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु नियुक्त परीक्षकों के नियुक्ति पत्र एवं अन्य प्रपत्रों में मुद्रित **'प्रथम चरण'** को **'द्वितीय चरण'** पढ़ा जाए।

(2) **अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी तथा गोरखपुर मण्डल** की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु नियुक्त परीक्षकों के नियुक्ति पत्र एवं अन्य प्रपत्रों में मुद्रित **'द्वितीय चरण'** को **'प्रथम चरण'** पढ़ा जाए।

उपर्युक्त के सम्बंध में अपने परिक्षेत्र के जनपदों के जिला विद्यालय निरीक्षक को अपने स्तर से निर्देशित करना सुनिश्चित करें जिससे किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

(भगवती सिंह)
सचिव